Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 11-08-2005

Participants : Singh Shri Ganesh

>

Title : Need to provide diesel to farmers at subsidized rates.

श्री गणेश सिंह (सतना): महोदय, डीजल के बढ़ते हुए दामों से किसान वर्ग अत्यंत आहत है। इससे फसल में लागत खर्च और बढ़ेगा। किसान व-र्ाों से घाटे का धंधा कर रहा है। जिस अनुपात में उसे लागत लगानी पड़ रही है उस अनुपात में फसल का दाम नहीं मिल पा रहा है। मेरा मानना है कि लगातार कर्ज में डूबने के कारण किसान आत्महत्या कर रहा है। लगातार डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को सस्ते दर पर डीजल दिया जाना चाहिए।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि देश के किसानों को सस्ते दर पर डीजल प्रदान करने पर गंभीरता से विचार करें।